दिन– मंगलवार दिनांक– 19 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए आज प्रदेश की सभी पंचायतों में हो रहा है सहयोग शिविर का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सारण जिले की डुमरी बुजुर्ग पंचायत से करेंगे शिविर की शुरूआत।

02. प्रदेश में राशनकार्डधारी परिवारों की जांच में संदिग्ध पाये गये पैंतीस लाख पन्द्रह हजार से अधिक परिवारों के नाम सूची से काटे जायेंगे।

03. खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र में एनएच–इकतीस पर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत। छह अन्य घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान चालीस डिग्री के पार। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर तथा बक्सर जिले में लू की चेतावनी जारी की।

——————————————————————

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सारण जिले की डुमरी बुजुर्ग पंचायत में आयोजित कार्यक्रम से शिविर का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी पटना के नौबतपुर की चिरौरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल होंगे। सभी प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव भी संबंधित जिलों में आयोजित होने वाले शिविर में भाग लेंगे। इन्हें कम से कम तीन प्रखंडों के सहयोग शिविरों में उपस्थित रहने को कहा गया है। इधर, हमारी संवाददाता ने बताया कि सात निश्चय–तीन के सबका सम्मान, जीवन आसान विजन के तहत इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और प्रशासनिक तंत्र को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। ये शिविर प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट———

सहयोग शिविरों में जिला पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी खुद मौजूद रहकर स्थानीय स्तर पर मामलों का निपटारा करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से राशन, पेंशन, आवास, मनरेगा, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि विवाद, दाखिल–खारिज, सीमांकन, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सरकार ने निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। ऐसा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से भी इन शिकायतों की सीधी निगरानी की जाएगी। जनता की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य और सहयोग पोर्टल भी क्रियाशील कर दिया गया है। समाचार कक्ष से डॉ. सविता पारीक।

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सहयोग शिविर के तहत प्राप्त आवेदनों का तीस दिनों के भीतर निष्पादन किया जाना अनिवार्य है। पटना में आयोजित

एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारी इकतीसवें दिन स्वतः निलंबित हो जायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रदेश में राशनकार्डधारी परिवारों की जांच में संदिग्ध पाये गये पैंतीस लाख पन्द्रह हजार से अधिक परिवारों का नाम सूची से काटने का निर्णय लिया है। इनमें इक्कीस लाख दस हजार से अधिक परिवारों के नाम काट दिये गए हैं, जबकि चौदह लाख से अधिक और संदिग्धों के नाम काटे जाएंगे। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी जिलों को इस संबंध में दिशा—निर्देश जारी किया है। सबसे अधिक दो लाख बारह हजार परिवारों के नाम पटना जिले में कटेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश में बैंकों का साख जमा अनुपात— सीडी रेशियो पहली बार साठ प्रतिशत से अधिक हो गया है। बिहार ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस में पहली बार साठ दशमलव दो एक प्रतिशत का सीडी रेशियो हासिल किया है। विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में पटना में आयोजित राज्यस्तरीय बैंकिंग समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। बैठक में सरकारी और निजी बैंकों के स्तर से ऋण वितरण तथा प्राथमिकता क्षेत्रों में वित्तीय प्रवाह की स्थिति की समीक्षा की गई।

———————————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने तेल कंपनियों को पाइप्ड नेचुरल गैस, पीएनजी के लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटारे का निर्देश दिया है। वर्तमान में पीएनजी के लिए राज्य में इकतीस हजार सात सौ चौहत्तर आवेदन लंबित हैं। मुख्य सचिव ने अतिरिक्त मानव बल और संवेदकों के माध्यम से इन आवेदनों को मिशन मोड में निपटाने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन समूह की उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव ने पीएनजी कनेक्शन की प्रगति के साथ—साथ घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की स्थिति और पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि पूरे राज्य में पेट्रोलिय उत्पादों और एलपीजी को लेकर किसी भी प्रकार की संकट की स्थिति नहीं है।

———————————————————————————

भूमि विवाद के बढ़ते मामलों और लंबित वादों के त्वरित निष्पादन के लिए राज्य सरकार ने बिहार भूमि न्यायाधिकरण में सदस्यों की संख्या चार से बढ़ाकर सात कर दी है। साथ ही न्यायाधिकरण में पांच नए न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति भी की गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि है कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए चल रहे विशेष अभियान के तहत अबतक चौहत्तर हजार चार सौ चौंतीस किसानों का निबंधन हो चुका है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कृषि विभाग तथा भूमि और राजस्व विभाग के अधिकारी समन्वय बना कर फार्मर रजिस्ट्री अभियान को गति दे रहे हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने ऑनलाइन माध्यमों पर प्रसारित उस दावे का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले सरकार मंदिरों को गोल्ड बॉन्ड जारी करने जा रही है। पत्र सूचना कार्यालय—पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने स्पष्ट किया है कि यह दावा पूरी तरह फर्जी है। पीआईबी ने कहा कि सरकार की ओर से ऐसा कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

———————————————————————

उच्च शिक्षा निदेशक एन.के. अग्रवाल अंगिका अकादमी और बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वे विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अकादमी के अध्यक्ष पद का दायित्व निभाएंगे। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक दिवेश कुमार चौधरी को अंगिका अकादमी और बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक के पद पर नामित किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————

राज्य के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इस अवधि में गयाजी और बक्सर में लू की स्थिति बनी रही। इन स्थानों पर तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गयाजी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बक्सर का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार, डेहरी का चौवालीस और कैमूर का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, छपरा का चालीस दशमलव चार, नालंदा का चालीस और पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर और बक्सर जिले में लू चलने की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

———————————————————————

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र में एनएच–इकतीस पर हुये सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में छह अन्य घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर के कारण यह हादसा हो गया। सभी मृतक ऑटो सवार यात्री थे। हादसे के बाद मौके से भागने के क्रम में ट्रक ने सामने से आ रहे दो अन्य वाहनों को भी टक्कर मार दी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दुर्घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने सभी मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। इधर, रोहतास जिले के धौड़ाड़ थाना क्षेत्र में तिलौथू–सासाराम मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

———————————————————————

पटना स्थित नियोजन भवन में आज पूर्वाह्न ग्यारह बेज से रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित मेले में बारहवीं पास अठारह से चालीस वर्ष के अभ्यर्थी भाग ले सकते है।

———————————————————————

गया जिले के कोठी थाना क्षेत्र के रानीपुर डेलहा में बालू माफिया पुलिस पर हमला कर दो जब्त ट्रैक्टर छुड़ा कर भाग गये। इस मामले में पुलिस ने बारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————

कटिहार जिले के बलरामपुर थाना क्षेत्र के फरसरा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला समेत दो तस्करों को मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच जयपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली है। गुजरात टाइटंस भी अंतिम चार में पहुंच गई है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

———————————————————————

सीतामढ़ी के जानकी स्टेडियम में खेले जा रहे श्यामल सिन्हा अंडर–16 एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गया ने बेगूसराय को पैंसठ रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है।

बिहार फुटबॉल एसोसिएशन ने निर्देशों की अवहेलना और संगठनात्मक नियमों के उल्लंघन के आरोप में पश्चिम चंपारण, सीवान, अररिया, गया, बेगूसराय, वैशाली, सहरसा, सुपौल और नालंदा जिला फुटबॉल संघों के सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश को प्रमुखता देते हुए लिखा है– निर्माण कार्यों के प्राक्कलन की एआई से जांच अनिवार्य।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पटना और सिवान में अपराधियों से मुठभेड़, दोनों के पैर में लगी गोली।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सम्राट बोले बीस दिन में दो नोटिस, तीस दिन में काम नहीं हुआ तो सस्पेंड।

प्रभात खबर ने राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल के हवाले से लिखा है– बिहार में तीन और सैटेलाइट टाउनशिप बनेगी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं–सहयोग शिविर आज, पंचायत में सुनी जाएगी फरियाद।

आज अखबार लिखता है– अब स्कूलों में रोज होगी बच्चों के बैग की जांच। बच्चे का स्कूल बैग उसके शरीर के वजन से दस प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए आज प्रदेश की सभी पंचायतों में हो रहा है सहयोग शिविर का आयोजन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सारण जिले की डुमरी बुजुर्ग पंचायत से करेंगे शिविर की शुरूआत।

02. प्रदेश में राशनकार्डधारी परिवारों की जांच में संदिग्ध पाये गये पैंतीस लाख पन्द्रह हजार से अधिक परिवारों के नाम सूची से काटे जायेंगे।

03. खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र में एनएच–इकतीस पर सड़क हादसे में छह लोगों की मौत। छह अन्य घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान चालीस डिग्री के पार। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर तथा बक्सर जिले में लू की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।